>

Title: Need to set up a Central Agriculture University in Tikamgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) ः

टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र कृषि की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण स्थान है जहां टीकमगढ़ एवं छतरपुर जिले के नौगांव में काफी शासकीय भूमि भी उपलब्ध है जिसका केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय खोलने में आसानी से उपयोग किया जा सकता है। पिछले लगभग 9-10 वर्षों से ये जिले सूखे से प्रभावित हो रहे हैं। अतः यहां की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए भूमि का उपयोग एवं अत्याधुनिक तरीके से कृषि को प्रोत्साहित करने एवं शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने के लिए केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय खोलने की मांग क्षेत्रीय जनता के द्वारा लंबे समय से की जा रही है। प्रदेश सरकार भी जमीन देने को तैयार है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र द्वारा प्रस्तावित केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय टीकमगढ़ अथवा नौगांव में खुलवाने का सहयोग करें।